एफ. सं. यू-13/25/2020- यूनेस्को (सी-16586)

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

24, तिलक मार्ग,
नई दिल्ली-110001
दिनांक: 03.10.2023

रिक्ति परिपत्र

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में प्रारम्भ में एक वर्ष की अवधि के लिए जिसे कार्यनिष्पादन के आधार पर तीन वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकता है, संविदा आधार पर इच्छुक और पात्र आवेदकों से परामर्शदाता (संरक्षण वास्तुविद्) का पद भरना चाहता है:-

पदों की संख्या	**पात्रता मानदंड**	**आयु**	**पारिश्रमिक**
3 (तीन)	**1. अर्हता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से वास्तुकला में स्नातकोत्तर/स्नातक की डिग्री या समकक्ष और संरक्षण प्रक्रियाओं का क्षेत्र अनुभव होना चाहिए। **2. अनुभव:** (i) ऐतिहासिक इमारतों और स्थलों पर काम करने का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव। (ii) विरासत स्थलों और स्मारकों के लिए स्थल प्रबंधन योजना तैयार करने का अनुभव। (iii) ऐतिहासिक इमारतों के दस्तावेज़ीकरण और स्थिति मूल्यांकन का अनुभव। (iv) ऐतिहासिक भवन निर्माण सामग्री और तकनीक का ज्ञान (v) धरोहर उप-विधि तैयार करना। (vi) ई-ऑफिस और एमएस ऑफिस के बारे में ज्ञान।	अधिकतम आयु - आवेदन की अन्तिम तारीख को 50 वर्ष	अनुभव के अनुसार: न्यूनतम 50000/- रूपये अधिकतम 70000/- रूपये

2. परामर्शदाता (संरक्षण वास्तुविद्) का **कार्यक्षेत्र** इस प्रकार है:

i. धरोहर उप-विधि तैयार करना।
ii. एचबीएल (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का संकलन कार्य।
iii. एचबीएल का संपादन कार्य।
iv. एचबीएल का हिंदी अनुवाद।
v. एएसआई/धरोहर निकाय/एजेंसी/हिंदी अनुवादक से प्राप्त होने के बाद एचबीएल के अंग्रेजी और हिंदी अनुवाद कार्य की जांच करना।

vi. एचबीएल के अनुमोदन के लिए एनएमए में बैठक आयोजित करना और ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त् रिकॉर्ड करना।

vii. सार्वजनिक सूचना और हितधारकों के परामर्श के लिए वेबसाइट पर एचबीएल अपलोड करना।

viii. सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

3. **नियुक्ति के नियम और शर्तें:** संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एनएमए) में परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के अनुसार।

4. **आवेदन जमा करना:** निर्धारित प्रपत्र में आवेदन निदेशक, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली-110001 को या ईमेल-director@nma.gov.in पर 30.10.2023 तक पहुंच जाना चाहिए। ईमेल का विषय स्पष्ट रूप से "परामर्शदाता (संरक्षण वास्तुविद) के पद के लिए (आवेदक के नाम) का आवेदन" लिखा होना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सव्यसाची मारवाह।

(कर्नल सव्यसाची मारवाहा)
निदेशक, एनएमए

सेवा में,

1. संस्कृति मंत्रालय - (ध्यानार्थ: संयुक्त सचिव (प्रशासन)/एएसआई/एनएमए)
2. महानिदेशक (एएसआई), धरोहर भवन, नई दिल्ली
3. इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज/भारतीय संग्रहालय, कोलकाता/इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल/राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता/राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, नई दिल्ली/सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद/विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, कोलकाता।